प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ों को किया नमन।
- मंडी ज़िले के सरकाघाट में हुआ राज्य स्तरीय समारोह–मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों के लिए सौ करोड़ रूपये की किश्त जारी करने का किया ऐलान।
- प्रदेश की तीन हस्तियां प्रेरणा स्रोत पुरस्कार से सम्मानित– मुख्यमंत्री ने जारी किए हिम भोग के तीन उत्पाद।
- चंबा ज़िले के सिकरीधार में स्थापित होगा सीमेंट कारखाना–उद्योग मंत्री ने उद्यमियों को रियायतें देने की बात दोहराई।
- राजधानी शिमला में डॉग वैक्सीनेशन अभियान शुरू–चार हजार आवारा कुत्तों को लगाए जाएंगे टीके।

प्रधानमंत्री–स्वतंत्रता दिवस

79वां स्वतंत्रता दिवस आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस मौके पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी। देश के बहादुर सैनिकों ने दुश्मनों को मुहंतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान में सैकड़ों किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया।

प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत नवनियुक्त युवाओं को 15 हजार रूपये प्रतिमाह मिलेंगे। इस योजना से देश के तीन करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा और स्वतंत्र भारत से समृद्ध भारत तक का सेतु सशक्त होगा।

राज्य स्तरीय समारोह

स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह मंडी ज़िले के सरकाघाट में हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, होमगार्ड, एन.सी.सी, आई.टी.बी.पी, पूर्व सैनिक लीग और होमगार्ड बैंड की टुकड़ियों से मार्चपास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए शहादत पाने वाले वीरों को नमन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अनेक घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के लिए राज्य सरकार एक सौ करोड़ रूपये की एक और किश्त जारी करेगी और इस राशि का अधिकतर उपयोग मंडी ज़िले में किया जाएगा। उन्होंने आपदा न्यूनीकरण और आजीविका की सुरक्षा के उद्देश्य से 3 हज़ार करोड़ रूपये की परियोजना शुरू करने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, मैडिकल कॉलेजों, पॉलिटैक्निक और आईटीआई जैसे संस्थानों में अध्यापकों को शैक्षणिक सत्र के बीच सेवानिवृत्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में सीबीएसई पाठयक्रम वाले दो सौ स्कूल खोलने का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 2 हज़ार ई–थ्री व्हीलर परमिट जारी किए जाएंगे। इसके

अलावा जनजातीय व गैर जनजातीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पटवारियों के 6 सौ, जेबीटी अध्यापकों के 6 सौ, पंचायत सचिवों के 3 सौ और डॉक्टरों के 2 सौ पद भरने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने सरकाघाट अस्पताल को एक सौ से बढ़ाकर एक सौ 50 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाने और नए बस अड्डे के निर्माण का ऐलान भी किया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। गृह रक्षकों ने जीवन रक्षक तकनीकों का प्रभावी मंचन भी किया।

राजभवन–हाईकोर्ट

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश और अधिवक्ता मौजूद रहे।

प्रेरणा स्रोत पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने हिम भोग गेहूं आटा, हिम भोग दलिया और हिम भोग हल्दी उत्पाद जारी किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की तीन हस्तियों को प्रेरणा स्रोत पुरस्कार से सम्मानित किया। शिमला के प्रोफैसर हिम चटर्जी को कांगड़ा मिनिएचर पेंटिंग को पुनर्जीवित करने, शिमला के डॉक्टर रामस्वरूप शर्मा को लोक गीत, शास्त्रीय, गज़ल, भजन और समूहगान विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रेम कुमार खोसला को वानिकी शिक्षा में अग्रणी योगदान के ये पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अनेक संस्थाओं व व्यक्तियों को हिमाचल गौरव और राज्य स्तरीय सिविल सेवा पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

शिमला समारोह

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस, होमगार्ड, एन.सी.सी और एनएसएस सहित 12 टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं को दुरूस्त किया जा रहा है और शिमला शहर को सतलुज नदी से इसी महीने 24 घंटे पानी देने का काम पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

ज़िला समारोह

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ऊना में ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देश की आजादी में शहीद होने वाले जाबाज़ों को नमन किया।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने धर्मशाला में तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सोलन में ज़िला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बिलासपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों में 6 हज़ार पद भरे हैं।

राजस्व मंत्री जगत सिंह ने रिकांगपिओ में ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की और तिरंगा फहराया।

सिरमौर ज़िले में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नाहन के चौगान में ध्वजारोहण किया।

लाहौल स्पीति ज़िले में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। केलंग में हुए ज़िला स्तरीय समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में ज़िला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि ज़िले में आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 27 हज़ार लोगों को लाभ पहुंचाया गया है।

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने हमीरपुर में ध्वजारोहण किया और लोगों को आजादी के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि चंबा ज़िले के सिकरीधार में सीमेंट कारखाना स्थापित किया जाएगा। चंबा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हर्षवर्धन ने बताया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए राज्य सरकार उद्योगपतियों को अनेक रियायतें दे रही है।

रैबीज़

राजधानी शिमला में आज से मैगा डॉग वैक्सीनेशन अभियान शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त तक शिमला शहर के सभी वार्डों में लगभग 4 हज़ार आवारा कुत्तों को रैबीज़ का टीका लगाया जाएगा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं कल सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर। नमस्कार।